**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 13.12.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान सम्मेलन में 70 लाख से अधिक किसानों को 702 करोड़ रुपए की सम्मान निधि की दूसरी किस्त जारी की।**

- **राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक सीएचसी को मॉडल सीएचसी के रूप में विकसित किया जाएगा।**

- **प्रदेश में इस बार हुई अच्छी बारिश के कारण रबी फसलों की बुआई का करीब 90 फीसदी लक्ष्य हासिल।**

- **राज्य में कड़ाके की ठंड का दौर जारी–दो दिन बाद शीतलहर से राहत मिलने के आसार।**

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में आयोजित किसान सम्मेलन में प्रदेश के 70 लाख से अधिक किसानों को 702 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री सम्मान निधि की दूसरी किस्त जारी की। उन्होंने किसानों और पशुपालकों से जुड़ी 4 नई योजनाओं की शुरुआत भी की, जिनमें मुख्यमंत्री पशु मंगला बीमा योजना, ऊंट संरक्षण और विकास मिशन, 200 नए बल्क मिल्क कूलर और 1 हजार दूध संकलन केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके हित में अनेक योजनाएं चला रही है।

.............

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी और योजनाएं भी भविष्य में शुरू की जाएंगी।

..............

कार्यक्रम के दौरान 20 हजार गोपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। वहीं महिला सहकारी डेयरी समिति की महिलाओं को 1 हजार सरस डेयरी बूथ आवंटित किए गए। इसके तहत अब महिलाओं को डेयरी बूथ के आवेदन में प्राथमिकता दी जाएगी। जहां महिलाएं डेयरी के उत्पाद बेच सकेंगी।
इस सम्मेलन में विभिन्न जिलों के किसान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। सांचौर के किसान रामलाल ने कहा कि योजना में मिले लाभ से उन्होंने खेत में तारबंदी करवाई जिसके कारण आवारा पशुओं के खेतों में घुसने पर रोक लगी है।

............

मौजूदा सरकार की पहली वर्षगांठ के सिलसिले में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल उदयपुर में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संबोधित करेंगे।

000

राज्य सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–सीएचसी को मॉडल सीएचसी के रूप में विकसित करेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी पर मरीजों की संख्या तथा वहां के जनप्रतिनिधियों से परामर्श के बाद इन सीएचसी का चयन कर लिया है। मॉडल सीएचसी में महिला और शिशु रोग विशेषज्ञ समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग में जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि माथुर ने आकाशवाणी को बताया कि यहां मुफ्त दवाइयों की संख्या भी ज्यादा होगी। इन केंद्रों में जांच और अन्य तरह की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

000

राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने 13 दिसम्बर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर इन बहादुर जवानों को बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। संसद के दोनों सदनों में भी संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। दोनों सदनों में सदस्यों ने वीर सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में मौन रखा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन आतंकवाद से दृढतापूर्वक निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

...............

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्रियों, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और सांसदों ने संसद भवन में

शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। संसद हमले में शहीद हुए नीमकाथाना के सुरक्षाकर्मी जेपी यादव की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर नीमकाथाना जिला अस्पताल में मरीजों को कंबल भी वितरित किए गए।

000

प्रदेश में इस बार हुई अच्छी बारिश के कारण रबी फसलों की बुआई का करीब 90 फीसदी लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। राज्य में 32 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुआई के लक्ष्य के मुकाबले 28 लाख हैक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में बुआई हो चुकी है। इसी तरह, लक्ष्य को पार करते हुए करीब 4 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में जौ की बुआई हो चुकी है। 19 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में चना वहीं, 32 लाख हैक्टयर क्षेत्र में सरसों की बुआई की जा चुकी है। चने की बुआई के मामले में 87 फीसदी वहीं सरसों में बुआई का 81 फीसदी लक्ष्य हासिल किया जा चुका है।

000

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर बना हुआ है। सीकर के फतेहपुर में पारा आज भी माइनस में दर्ज हुआ। वहीं माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा चूरू में 3 दशमलव 1, करौली में 3 दशमलव 6, पिलानी में 4, संगरिया में 4 दशमलव 3, चित्तौडगढ और अंता में 4 दशमलव 7 और सिरोही तथा सीकर में 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। हालांकि राजधानी जयपुर सहित कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढोतरी हुई है, लेकिन शीत लहर के कारण सर्दी के तेवर तीखे बने हुए हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दो दिन बाद शीतलहर से राहत मिलने के आसार हैं।

000

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश को सोशल मीडिया पर बधाई दी है। श्री बिरला ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि गुकेश ने सिंगापुर में आयोजित चैंपियनशिप का खिताब जीतते हुए सबसे युवा शतरंज विश्व विजेता बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि ने सम्पूर्ण राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

000

राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और दी बार एसोसिएशन जयपुर सहित सभी बार एसोसिएशनों के चुनाव के लिए आज वोटिंग सम्पन्न हुई। मतदान सुबह आठ से शाम पांच बजे तक हुआ। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव में 17 पदों के लिए 58 प्रत्याशी थे और 5 हजार 716 मतदाता पंजीकृत हैं। अध्यक्ष पद पर पांच, महासचिव और उपाध्यक्ष पद पर सात–सात और कार्यकारिणी के लिए 23 प्रत्याशी हैं। शेष 16 प्रत्याशी अन्य पदों के लिए चुनाव मैदान में हैं। मतगणना कल होगी।

000

आकाशवाणी जयपुर में आज हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें केन्द्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। उपमहानिदेशक, अभियांत्रिकी, लोकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में राजस्थान विश्वविद्यालय की सह–आचार्य मीता शर्मा ने ''राजभाषा नीति के अनुपालन'' पर जानकारी दी। उन्होंने राजभाषा नियमों/उपनियमों, राजभाषा विभाग के गठन और राजभाषा अधिनियम 1976 के बारे में भी विस्तार से बताया।

000